राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, कई नेताओं, जन–प्रतिनिधियों, अधिकारियों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों आदि ने मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएँ एवं उनके जन्मदिन पर बधाई दी

पटना, 01 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से राजभवन में आज बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, विभिन्न नेताओं, विश्वविद्यालय के कुलपतियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों, जन–प्रतिनिधियों, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों–प्रतिनिधियों सहित कई बुद्धिजीवियों आदि ने राजभवन पहुँचकर नव वर्ष–2021 की शुभकामनाएँ दी। सभी आगन्तुकों ने महामहिम राज्यपाल को आज उनके जन्मदिन पर भी बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की मंगलकामना की।

महामहिम राज्यपाल ने भी मुलाकात के दौरान सबको नव वर्ष की बधाई और मंगलकामनाएँ दी तथा कहा कि नव वर्ष सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाये तथा बिहार प्रगति–पथ पर सतत तेजी से आगे बढ़ता रहे। राज्यपाल ने सभी बिहारवासियों व देशवासियों को नव वर्ष–2021 की शुभकामनाएँ और बधाई देते हुए शुभेच्छा व्यक्त की है कि सभी देशवासियों में राष्ट्रीयता, सामाजिक सद्भावना, भाईचारा, शांति और प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर होने की प्रेरणा और दृढ़संकल्प की भावना विकसित हो ताकि भारतवर्ष की पूरी दुनियाँ में प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े।

महामहिम राज्यपाल से बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ गिरीश कुमार चौधरी, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ॰ एस॰एम॰ करीम, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री प्रवीण मोहन सहाय, राज्यपाल सचिवालय एवं बिहार सरकार के कई वरीय अधिकारीगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी–प्रतिनिधि–कार्यकर्त्तागण सहित कई बुद्धिजीवियों आदि ने भी मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी।

....